जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/गोप0/परीक्षा–2/2012/1682 दिनांकः 28.08.2012

प्रति,

संबंधित प्राचार्य,
संबंधित समस्त महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

तत्काल कार्यवाही हेतु

विषयः– एल0एल0बी0(3ydc)षष्ठम सेमेस्टर, जून 2012 के Viva/PR के सम्पूर्ण ऑनलाईन अपडेट अंक सलंग्न कर शीघ्रतिशीघ्र वि.वि.कार्यालय में जमा कराये जाने बावत्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि एल0एल0बी0 (3ydc) षष्ठम सेमेस्टर, जून 2012 में सम्मिलित समस्त परीक्षार्थियों के VIVA/PR के अंक ऑनलाइन अपडेट कर विश्वविद्यालय कार्यालय में अब तक जमा नहीं कराये गये है, जिससे परिणाम घोषित करने में अनावश्यक विलंब हो रहा है। जबकि उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन से स्पष्ट निर्देश है कि समस्त परीक्षाओं का परिणाम शीघ्रतिशीघ्र घोषित किया जाना है.

ज्ञातव्य रहे कि पूर्व में उक्त संबंध में उक्त कक्षा के अंक जमा कराने की नियत तिथि 27.08.2012 दी गई थी परन्तु अद्यपर्यन्त तक अंक जमा नही कराये गये है

अतः, उपरोक्त संबंधित परीक्षा में सम्मिलित समस्त छात्र–छात्राओं के समस्त VIVA/PR के ऑनलाईन अपडेट किये हुये (F/CF) अंकों की मूल प्रतियां एवं हस्तलिखित मूल प्रतियां संबंधित स्कीम के साथ अंतिम तिथि 10.09.2012 तक विश्वविद्यालय कार्यालय में अनिवार्य रुप से जमा कराये, ताकि आपके महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सके, यदि निश्चित समयावधि में उक्त अंकों को जमा नही कराया जाता है, तो आपके महाविद्यालय के छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित नही किया जावेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व समंबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा साथ ही कठोर आर्थिक दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी एवं इसकी सूचना आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, म0प्र0शासन को भेजी जायेगी.

आपको परीक्षा के अत्यावश्यक कार्य में आपका सहयोग अपेक्षित है.

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1.कुलपतिजी के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर
2.कुलसचिव के निजी सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

S Chauhan

उप–कुलसचिव(गोपनीय/परीक्षा)